प्राधिकरण द्वारा उक्त प्रकरण 898वी बैठक दिनांक 25.09.2025 में लिये गये निर्णयानुसार पुन: परीक्षण हेतु SEAC को अग्रेषित किया गया था। SEAC समिति द्वारा 876वी बैठक दिनांक 13.03.2026 में निम्नानुसार अनुशंसा की गई :-

".....After presentation the committee observed that PP's Env. Consultant have not submitted proper reply w.r.t. query raised by SEIAA, hence instructed PP/Env. Consultant to submit proper NOC,s as discussed in the meeting and to submit reply incorporating proper data, latest geotag photographs. Committee expressed displeasure for non submission of proper reply/NOCs and invited ADS. ADS TO BE ISSUED.

The Building Project is of Prior Environmental Clearance under Category B-2, in which today on 13/03/2026 the Project Proponent's EnvironmentalConsultant Shri Varun Bhardwaj &Smt. Rashmi Saraswat, Zenith Environment Consultancy, Noida, (U.P.). appeared and made a query reply presentation before the committee wherein presented all relevant NOC's from the different government Departments along with Geotag Photographs.

AASHIMA ANUPAMA CITY PHASE II" DEVELOPMENT OF

PLOTTED HOUSING (RESIDENTIAL FLAT)

Sr. No.	*Particulars*
1.	*T&CP Letter (Vide order no. BPLLP 120422210/Dated 16/08/2022*
2.	*Correction in PP Name (Vide order no. 1007/BPLLP120422210/29(1)/नग्रानि/जिका/2022, भोपाल, Dated 20/05/2024*

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

3.	*Building Permission Letter (Vide order no. PMT/BHO/0269/1265/2023, Dated 25/05/2023*
4.	*Affidavit Regarding No Construction Certificate, Bhopal, Dated 25/12/2025*
5.	*Water NOC (Vide order no. 343/सहा.यंत्री/ज.क.वि./न.नि./2025-26, भोपाल, Dated 05/12/2025*
6.	*Sewage NOC (Vide order no. 742/ सहा.यंत्री/सीवेज/न.नि.भो., भोपाल, Dated 27/11/2025*
7.	*Solid Waste NOC (Vide order no. 646/स्वा.वि./2025 भोपाल, Dated 29/11/2025*
8.	*CTE (Consent No. CTE-61614, dated 22/01/2025)*
9.	*Undertaking regarding Fire Safety and Power Supply, Bhopal, Dated 31/10/22025*

The case is reviewed by committee in light of SEIAA observation, *reply* ***before the committee and relevant NOCs obtained*** *from the different Government Departments along with Geotag Photographs. Hence,* ***Committee decided to stand-by recommendation made in SEAC meeting 795th Dated 21.05.2025 for grant of EC.***.

उक्त प्रकरण की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है :–

1. उक्त प्रस्तावित परियोजना **"Aashima Anupama City Phase II"** प्लॉटेड हाउसिंग **(Residential Flat)** ग्राम कटारा, तहसील कोलार, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित खसरा क्रमांक 129/4, 129/9, 130/1, 131/1/1, 131/2, 131/3/1, 131/4/2, 132/1/5, 133, 134, 135, 136, 137/1, 137/2, 138/1, 138/2, 139/1, 139/2 एवं 140 पर निर्माण हेतु परियोजना हेतु प्रस्तुत की गई है। यह प्रस्ताव श्री ओ.पी.कृपलानी, डायरेक्टर, मेसर्स असनानी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, ई–7/659, अरेरा कॉलोनी, पी.एन.बी. बैंक के पास, भोपाल (म. प्र.) 462011 द्वारा पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है।
2. परियोजना का कुल प्लॉट क्षेत्रफल 59,789.72 वर्गमीटर (14.77 एकड़) तथा कुल निर्मित क्षेत्रफल 71,482.55 वर्गमीटर है, जो 1,50,000 वर्गमीटर से कम है। अतः परियोजना ईआईए अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 के अनुसार श्रेणी "बी", अनुसूची 8(ए) के अंतर्गत सम्मिलित है।
3. उक्त प्रकरण को राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 795वी बैठक दिनांक 21.05.2025 को "पर्यावरणीय स्वीकृति" प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है उक्त बैठक की कार्यवाही विवरण पृष्ठ क्र. 18 से 31 तक अंकित है।

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

4. परियोजना का विवरण निम्नानुसार है :–

S. No.	Information Required	Details
1.	Project	SIA/MP/INFRA2/522930/2025.
2.	Project Name/Activity	Prior Environment Clearance for Proposed "Aashima Anupama City Phase II" Development of Plotted Housing (Residential flat) at Khasra no. 129/4, 129/9, 130/1, 131/1/1, 131/2, 131/3/1, 131/4/2, 132/1/5, 133, 134, 135, 136, 137/1, 137/2, 138/1, 138/2, 139/1, 139/2 140 at Village –Katara, Tehsil – Kolar, District – Bhopal, (M.P.), Total Plot Area –59,789.72 SQM (14.77 acre). Built up Area – 71482.55 sq mt.
3.	Project Proposal For	New.
4.	Project Cost.	11995 Lakhs.
5.	Description of Project	The proposed project consists of Plotted Housing (Residential Flats) etc.
6.	Built up Area details	71482.55 sq. mt.
7.	Building Permission	Building Permission Letter (Vide order no. PMT/BHO/0269/1265/2023, Dated 25/05/2023
8.	CTE	Consent No. CTE-61614, dated 22/01/2025
9.	MSW NOC	Vide order no. 742 Dated27/11/2025
10.	Sewage NOC	Vide order no. 646 Dated 29/11/2025
11.	T&CP Permission	Vide order no. BPLLP 120422210/Dated 16/08/2022
12.	Water NoC	Vide order no. 343 Dated 05/12/2025
13.	Waste Water NoC	PP Apply Letter dt. 03/01/2025.

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

14.	**Water requirement details**	Fresh water requirement is approx. 306.60 KLD.
15.	**Total No. of Car Provided**	490 No.
16.	**RWH**	18 Pits.
17.	**Environmental Consultant Change**	M/s Zenith Environment Consultancy, Noida (U.P.) Valid up to 13. 01 2026.

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श किया गया। प्रश्नाधीन प्रकरण में अध्यक्ष SEIAA एवं **सदस्य SEIAA का अभिमत, सदस्य सचिव SEIAA से भिन्न है।** अध्यक्ष एवं सदस्य का मत सदस्य **सचिव से भिन्न होने का कारण नस्ती कमांक** 426 के पृष्ठ 26 पर **दर्शाया** गया है। प्रश्नाधीन प्रकरण में अध्यक्ष SEIAA **एवं सदस्य SEIAA पूर्ण** विचरोपरांत बहुमत से **निर्णय** लिया गया है। प्रकरण से संबंधित परियोजना **प्रस्तावक/पर्यावरण सलाहकार द्वारा प्रस्तुत** जानकारी, व अभिप्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर तथा **राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 795वी बैठक दिनांक 21-05-2025 व 876**वी बैठक दिनांक **13-03-2026 में विशिष्ट शर्तों** सहित की अनुशंसा को बहुमत **के आधार पर मान्य** करते हुए पर्यावरणीय **मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत प्राधिकरण की विशिष्ट शर्तों (बिंदु i से x) व मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) के साथ पूर्व पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया**

i. प्रश्नाधीन प्रकरण में आवेदित क्षेत्र का निरीक्षण PCB द्वारा करवाए जाने के उपरांत ही परियोजना प्रस्तावक (PP) द्वारा कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यदि कार्यस्थल पर आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्यों का उल्लंघन पाया जाता है, तो PCB द्वारा नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी एवं Violation का प्रकरण होने पर प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

ii. भूमि स्वमित्व के दस्तावेजों में किसी प्रकार की विवादस्पद के स्थिति में परियोजना प्रस्तावक की स्वयं की जवाबदारी होगी।

iii. परियोजना के जलापूर्तिके लिये अपरिहार्य स्थितियों में भूजल दोहन हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही भूजल दोहन किया जाना सुनिश्चित करें।

iv. परियोजना के तहत भवन के चारों ओर खुले स्थान एवं रोड़ चौड़ाई हेतु मध्यप्रदेश भूमि विकास निगम 2012 (यथा संशोधित) के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

v. परियोजना स्थल पर अग्निरोधी शमन उपायों का अनिवार्यरूप से क्रियान्वित किया जाना होगा, इन कार्यो में नेशनल बिल्डिंग कोड 2016(यथा संशोधित) के मानक अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

vi. परियोजना अंतर्गत कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के लिये 30% गैर पांरपरिक ऊर्जा का उपयोग किया जाये एवं CO2 उत्सर्जन पर नियंत्रण के उपायों पर भी व्यापक कार्य योजना बनाकर इसे कम करने हेतु सभी संभावित कार्य अनिवार्य रूप से किये जाये।

vii. परियोजना स्थल के चारों ओर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाना सुनिश्चित करें।काटे जाने वाले वृक्षों के एवज में 10 गुनी संख्या में वृक्षों का रोपण अनिवार्य रूप से किये जाये।

viii. परियोजना स्थल पर ई–वाहनों के चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

ix. प्रस्तावित भवन में संपूर्ण सुरक्षात्मक उपायों का पालन परियोजना प्रस्तावक को करना होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी प्रकार की जन–धन हानि न हो।

x. परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसित सीएसआर/सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीएसआर/सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- **परियोजना प्रस्तावक द्वारा नजदीकी शासकीय विद्यालय/शासकीय कन्या विद्यालय में बालिकाओं के लिये सेनेटरी पेड की वेन्डिंग मशीन की स्थापना अनिवार्यतः की जायेगी एवं 05 वर्ष तक रिफिलिंग का कार्य परियोजना प्रस्तावक द्वारा ही सुनिश्चित किया जायेगा।**

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

17. Proposal No. SIA/MP/INFRA2/522930/2024; Case No: P2/1124/2025Prior Environment Clearance for Proposed "Aashima Anupama City Phase II" Development of Plotted Housing (Residential flat) at Khasra no. 129/4, 129/9, 130/1, 131/1/1, 131/2, 131/3/1, 131/4/2, 132/1/5, 133, 134, 135, 136, 137/1, 137/2, 138/1, 138/2, 139/1, 139/2 140 at Village – Katara, Tehsil – Kolar, District – Bhopal, (M.P.), Total Plot Area –59,789.72 SQM (14.77 acre). Built up Area71482.55 sq. mt. by Shri O.P Kriplani, Director, M/s Asnani Builders and Developers E-7/659 Arera Colony, Near P.N.B Bank Bhopal, (M.P.) 462011.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 795वी बैठक दिनांक 21.05.2025 में निर्धारित शर्तों के अधीन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति(EC)प्रदान करने की अनुशंसा की गई है।

Dissenting decision of Member Secretary.

I have shown my disagreement with the decision taken on case no P2/1124/2025. The basis of my disagreement.

(1) प्रश्नाधीन प्रकरण में प्राधिकरण की आयोजित बैठक दिनांक 04.05.2026 में सभी सदस्यों के समक्ष हुई चर्चा अनुसार सर्वसम्मति से बैठक में लिये गये निर्णय के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कार्यवाही विवरण तैयार कर दिनांक 08.05.2025 को हस्ताक्षरित कर दिनांक 08.05.2026 को ही अध्यक्ष एवं सदस्य के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता शासन के आदेश के परिपालन में दिनांक 09.05.2026 को कार्यमुक्त होकर दिनांक 05.06.2026 तक मिडकैरियर प्रशिक्षण पर मसूरी पर कर्तव्यस्थ रहे। अधोहस्ताक्षरकर्ता की इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान अध्यक्ष एवं सदस्य ने अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा तैयार कार्यवाही विवरण पर हस्ताक्षर न करते हुए प्रश्नाधीन प्रकरण में बैठक के उपरांत पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया एवं कार्यवाही विवरण की नस्ती दिनांक 20.05.2026 को अधोहस्ताक्षकरर्ता के प्रशिक्षण प्रवास पर होने के दौरान प्रेषित की गई। अधोहस्ताक्षरकर्ता के प्रशिक्षण से वापसी उपरांत दिनांक 08.06.2026 को कार्यभार ग्रहण करने पर नस्ती के साथ संलग्न कार्यवाही विवरण का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रश्नाधीन प्रकरण में अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा लिये गये निर्णय, बैठक के दौरान लिये निर्णय से भिन्न है।

(2) **ईआइए अधिसूचना 2006 व** पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3 (7) प्राधिकरण की बैठकों में लिये जाने वाले निर्णयों के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है –

" All decisions of the SEIAA shall be taken in a meeting and shall ordinarily be unanimous; Provided that, in case a decision is taken by majority, the details of views, for and against it, shall be clearly recorded in the minutes and a copy thereof sent to MoEF."

09/6/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

(3) उपरोक्त प्रावधान के परिप्रेक्ष्य में एवं उपरोक्त कंडिका 1 में वर्णित स्थितियों के अनुक्रम में प्रश्नाधीन प्रकरण के निर्णय सर्वसम्मति नहीं होने की स्थिति निर्मित होने के फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अपना मत आगामी पैरा में पृथक से वर्णित किया है, जो दिनांक 04.05.2026 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय तथा तदानुसार दिनांक 08.05.2026 को निर्मित कार्यवाही विवरण के अनुरूप है। जहॉ तक प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा इस प्रकरण के संबंध में कार्यालयीन नस्ती कमांक 426 के पृष्ठ कमांक 26 एवं 27 पर जो पृच्छा की गई है वह प्राधिकरण की बैठक दिनांक 04.05.2026 के सम्पन्न होने के 08 दिवस उपरांत और कार्यवाही विवरण दिनांक 08.05.2026 को प्रेषित करने के 04 दिवस उपरांत की गई है। उल्लेखनीय है कि तत्समय अधोहस्ताक्षरकर्ता मिडकैरियर प्रशिक्षण पर कर्तव्यस्थ रहा था। **ईआइए अधिसूचना 2006 व** पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3 (7) का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि बहुमत से निर्णय लिये जाने की स्थिति में पक्ष एवं विपक्ष में दिये जाने वाले मतों का विवरण विस्तार से कार्यवाही विवरण में अंकित किये जाने और उसकी प्रति भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित किये जाने का प्रावधान है। बैठक के दौरान एजेण्डा में सम्मिलित किसी भी प्रकरण के संबंध में बैठक के पूर्व या पश्चात् अथवा बैठक से इतर किसी प्रकार की पृच्छा किये जाने अथवा उक्त पृच्छा पर किसी स्तर से किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसी स्थिति में पृच्छा का पृथक उत्तर दिये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

(4) **अतः भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआइए अधिसूचना 2006 व पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3(7) के अनुसार प्रश्नाधीन प्रकरण में निर्णय सर्वसम्मत से नही होने के कारण सदस्य सचिव का मत निम्नानुसार है :–**

I. परियोजना प्रस्तावक एवं पर्यावरण सलाहकार Zenith Environment Consultancy Noida द्वारा प्रश्नाधीन प्रकरण एवं प्रकरण कमांक P2/1125/2025 में प्रस्तुत की गई EMP एवं Conceptual Plan में सिर्फ आकड़ों में फेरबदल किया गया है बाकी सभी जानकारी कट कॉपी पेस्ट की गई है इसी प्रकार SEAC में ADS के माध्यम से प्रस्तुत की गई जानकारी भी दोनो प्रकरणों में समान कट कॉपी पेस्ट कर प्रस्तुत की गई है, जो कि परियोजना प्रस्तावक एवं पर्यावरण सलाहकार की गंभीर त्रुटि/अपराधिक आशय को दर्शाता है।

II. बैठक के दौरान ही प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व से ही परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यदि परियोजना स्थल पर पूर्व से कार्य प्रारंभ हो गया है तो प्रकरण Violation के श्रेणी के अंतर्गत आयेगा।

उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत SEAC समिति द्वारा परियोजना स्थल का भौतिक सत्यापन (Site Visit) कर वस्तुस्थिति से प्राधिकरण को अवगत कराये जाने एवं परियोजना प्रस्तावक व पर्यावरण सलाहकार द्वारा कट कॉपी पेस्ट कर प्रस्तुत किये दस्तावेजों के संबंध में निमयानुसार कार्यवाही किये जाने के संबंध में प्रकरण पुनः परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु SEAC समिति को अग्रेषित किया जाये।

09/6/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

इस कार्यवाही विवरण के प्रश्नाधीन प्रकरण में बहुमत के आधार पर निर्णय लिया गया है। सर्वसम्मत निर्णय न होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआइए अधिसूचना 2006 व पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3(7) के अनुसार कार्यवाही विवरण की प्रति भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजी जाये।

18. Proposal No. SIA/MP/INFRA2/562490/2025; Case No.: P2/2242/2025 Prior Environmental Clearance for Commercial/Residential Flat "Datt Solitare, Commercial/Residential Activities Phase 1 & 3 by M/s. Datt Real Infra Pvt. Ltd., Khasra no. 9/4, 9/6, 9/6/KA, 9/6/KH, 9/7 Village NEW Mouza-Maheshpur, Narsingh Ward, Garha, Teh-Gorakhpur, Dist Jabalpur (M.P.), Built-up Area 40,372.72 sq.mt. by Shri Vishal Datt, S/O Shri Sudhir Datt, 1148/A, Napier Town, Jabalpur City, Jabalpur, Madhya Pradesh 482001.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 876वी बैठक दिनांक 13.03.2026 में निर्धारित शर्तों के अधीन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) प्रदान करने की अनुशंसा की गई है।

प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण में निम्नानुसार पाया गया :—

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रश्नाधीन प्रकरण Fresh EC के लिये आवेदन किया गया जबकि प्रकरण प्रस्तुत पूर्व CTE के अनुसार Expansion की श्रेणी का होता है, जिसे आवेदन स्वीकार करते समय ही देखा जाना था और परियोजना प्रस्तावक से Expansion of EC में आवेदन करवाया जाना चाहिए था।
2. SEAC समिति द्वारा भी उक्त प्रकरण के परीक्षण के दौरान भी यह नहीं देखा गया कि प्रकरण Expansion of EC का ना कि Fresh EC का है। इसके उपरांत भी SEAC समिति द्वारा प्रकरण को Fresh EC का मानते हुए अनुशंसा की गई।
3. परियोजना स्थल की गूगल इमेज के अवलोकन के आधार पर परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य 20000 वर्गमीटर से अधिक किया जाना परिलक्षित है जो कि violation की श्रेणी को दर्शाता है।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा परियोजना स्थल की पूर्व में नगर निगम से प्राप्त की गई बिल्डिंग परिमीशन की प्रति परिवेश पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है। अतः पूर्व बिल्डिंग परिमीशन परिवेश पोर्टल पर अपलोड की जाये।
5. प्रकरण में प्रस्तुत RQP Affidavit में कंसल्टेंट द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं, जो कि अपूर्णता दर्शाता है।
6. परियोजना स्थल गंगा सागर झील से लगभग 90 मीटर की दूरी पर स्थित है, अतः परियोजना से झील पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया जाए तथा संबंधित रिपोर्ट (Lake Impact Analysis report) प्रस्तुत की जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि उपरोक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत SEAC समिति द्वारा परियोजना स्थल का भौतिक सत्यापन (**Site Visit**) कर वस्तुस्थिति से प्राधिकरण को अवगत कराये तथा बिन्दु क्रमांक 4 से 6 तक की जानकारी परिवेश पोर्टल पर अपलोड करवाये जाये। अतः प्रकरण पुनः परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु **SEAC** समिति को अग्रेषित किया जाये। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।

08/5/26	19/5/26	
(सुधीर कुमार कोचर)	**(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)**	**(शिव नारायण सिंह चौहान)**
सदस्य सचिव	**सदस्य**	**अध्यक्ष**

19. Proposal No. SIA/MP/MIN/569600/2025, Case No. – P2/2304/2026 Prior Environmental Clearance for Stone Quarry (opencast semi mechanized method), in an area 3.00 Ha., For Producation Capicity of-90,000 Cum (70,000 M3/ Year Gitti & 20,000 M3/ Year), at Khasra No. 2292, 2295, 2296, Village- Bilheti, Tehsil Morar, District- Gwalior (M.P), by Shree Deepak Goyal, Partner, M/s Banke Bihari Stones, R/O-58, Defence State,Gwalior Road, District-Agra (U.P.)- 282001

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **875वी** बैठक दिनांक **12.03.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तो एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEACकी 875वी बैठक दिनांक 12.03.2026 की विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो (संलग्नक–ए) सहित की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्ट शर्तो के साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

(i) **कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला ग्वालियर द्वारा पत्र क्र. 1638 दिनांक 14.11.2025 के माध्यम से 10 वर्ष की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 13.11.2035 तक वैध मान्य रहेगी।**

(ii) **जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुरूप ही प्रक्रिया अपनाकर उक्त खदान की जानकारी (अक्षांश देशांश सहित) सम्मिलित करवाये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(iii) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।**

(iv) **परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से पहले कृषि भूमि से न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।**

(v) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) करवाये जाने हेतु जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर 02 वरिष्ठ अधिकारियों (जिसमें 01 अधिकारी वन विभाग को हो) को अधिकृत किया जावे जिनके द्वारा संयुक्त भौतिक सत्यापन कर अनुमति की शर्त अनुसार किये गये वृक्षारोपण की जानकारी अनिवार्यतः जिला कलेक्टर एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राधिकरण को उपलब्ध करावाई जाये।**

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMSकी अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

08/5/26 | 19/5/26 |
---|---|---
(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव | (डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य | (शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

(vii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए किपूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(ix) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEACकी अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान क्षेत्र के गॉव व नजदीकी गॉव के शासकीय विद्यालय/शासकीय कन्या विद्यालय में बालिकाओं के लिये सेनेटरी पेड की वेन्डिंग मशीन की स्थापना अनिवार्यतः की जायेगी एवं 05 वर्ष तक रिफिलिंग का कार्य परियोजना प्रस्तावक द्वारा ही सुनिश्चित किया जायेगा।

- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।

- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

08/5/26 19/5/26

(सुधीर कुमार कोचर)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

20. Proposal No. SIA/MP/MIN/558529/2026Case No. P2/2306/2026 PriorEnvironment Clearance for Murrum & Stone Quarry (opencast semi mechanized method), in an area of 2.280 Ha., For Producation Capicity of – Murum 6000 Cum/year, Stone (Gitti)-9600 Cum/year & M-sand 14400 cum/year, at Khasra No. 77(S), Village – Tajpur , Tehsil & District - Ujjain (M.P.) by Shri Laljiram, Lessee, Village Naugaon, Tehsil Tarann, District Ujjain (M.P)

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **875वी बैठक दिनांक 12.03.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEACकी 875वी बैठक दिनांक 12.03.2026 की विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो (संलग्नक–ए) सहित की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्ट शर्तो के साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

(i) **संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल द्वारा आदेश क्र. I/513956/2025 दिनांक 24.09. 2025 के माध्यम से 10 वर्ष की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 23.09.2035 तक वैध मान्य रहेगी।**

(ii) **जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुरूप ही प्रक्रिया अपनाकर उक्त खदान की जानकारी (अक्षांश देशांश सहित) सम्मिलित करवाये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(iii) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र में स्थित खमेर (पलाश) प्रजाति के छोट–छोटे पेडों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।**

(iv) **परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से पहले कृषि भूमि से न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।**

(v) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) करवाये जाने हेतु जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर 02 वरिष्ठ अधिकारियों (जिसमें 01 अधिकारी वन विभाग को हो) को अधिकृत किया जावे जिनके द्वारा संयुक्त भौतिक सत्यापन कर अनुमति की शर्त अनुसार किये गये वृक्षारोपण की जानकारी अनिवार्यतः जिला कलेक्टर एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राधिकरण को उपलब्ध करावाई जाये।**

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMS की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

08/5/26 19/5/26

(सुधीर कुमार कोचर)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(vii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए किपूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(ix) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEACकी अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान क्षेत्र के गॉव व नजदीकी गॉव के शासकीय विद्यालय/शासकीय कन्या विद्यालय में बालिकाओं के लिये सेनेटरी पेड की वेन्डिंग मशीन की स्थापना अनिवार्यतः की जायेगी एवं 05 वर्ष तक रिफिलिंग का कार्य परियोजना प्रस्तावक द्वारा ही सुनिश्चित किया जायेगा।

- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।

- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

08/5/26 19/5/26

(सुधीर कुमार कोचर)	(डॉ. सुमंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य **सचिव**	सदस्य	**अध्यक्ष**

21. Proposal No. SIA/MP/MIN/550584/2025, Case No. - 11020/2023 Prior Environment Clearance for Stone Mine (opencast semi mechanized method), in an area of 3.00 ha., For Production Capacity of-1,00,000 cum per year, at Khasra No. 4157, 4158, 4174, 4175, Village-Malipura, Tehsil-Gird, District-Gwalior (MP) by Shri Ramnivas Sharma, Proprietor, R/o E-25, New Vivekanand Colony, Thatipur, Gird, District-Gwalior (MP)-474011

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **871वी बैठक दिनांक 19.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तो एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

उक्त प्रकरण को प्राधिकरण द्वारा 945वी बैठक दिनांक 11.03.2026 में रखते हुए निम्नानुसार निर्णय लिया गया :-

"प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवेदन के प्रथम दृष्टया परीक्षण में निम्नानुसार पाया गया :–

1. *प्रश्नाधीन प्रकरण में परिवेश पोर्टल पर प्रुस्तत पर्यावरण सलाहकार के शपथ पत्र में पर्यावरण सलाहकार के Original हस्ताक्षर नहीं Scan हस्ताक्षर लगाये गये हैं। अतः नवीन शपथ पत्र Orignal हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत किया जाये।*
2. *प्रस्तावित खदान गूगल ईमेज एवं PM Gatishakri पोर्टल अनुसार शर्मा की खदान से ओवरलेप परिलक्षित हो रही है। अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा तथ्यात्मक स्थिति जिला खनिज अधिकारी से अभिप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत की जावे।*
3. *गूगल ईमेज अनुसार प्रस्तावित खदान में कई पेड़/झाड़िया परिलक्षित हो रही है। अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जावे एवं यह भी बताया जावे कि खदान में कुल कितने पेड़ है व किस प्रजाति के हैं।*
4. *अनुमोदित खनन योजना के अनुसार Minable Mineral कितना है इसकी मात्रा बताई जावे।*

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त बिन्दु कमांक 1 से 4 तक की जानकारी 15 दिवस में परिवेश पोर्टल पर अपलोड की जावे, इसके उपरांत प्रकरण पर विचार किया जायेगा। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जावे।'

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन ADS दिनांक 24.03.2026 के माध्यम से उपरोक्त जानकारी प्रस्तुत की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ADS Replyको स्वीकार करते हुए, SEACकी 871वी बैठक दिनांक 19.02.2026 की विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो (संलग्नक–1) सहित की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्ट शर्तो के साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तो (परिशिष्ट–2) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

(सुधीर कुमार कोचर)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(i) संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल द्वारा आदेश क्र. 16079–81 दिनांक 30.12.2020 के माध्यम से दिनांक 23.04.2020 से 10 वर्ष (दिनांक 22.04.2030 तक) की लीज नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 22.04.2030 तक वैध मान्य रहेगी।

(ii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।

(iii) परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से पहले कृषि भूमि से न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।

(iv) परियोजना प्रस्तावक द्वारा बैरियर जोन को रिस्टोर कर वृक्षारोपण किये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जाये एवं उक्त कार्य खनिज अधिकारी निगरानी में सुनिश्चित किया जाये।

(v) परियोजना प्रस्तावक द्वारा DEIAA की पर्यावरण स्वीकृति में निहित समस्त शर्तों का अनिवार्यतः परिपालन 01 माह में पूर्ण कर अनुपालन प्रतिवेदन SEIAA को प्रेषित किया जाये।

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लांन के अंतर्गत उल्लेखित गतिविधियों के कियान्वयन हेतु क्लस्टर में सम्मिलित समस्त खदानों के परियोजना प्रस्तावकों द्वारा उक्त राशि जिला स्तर पर डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) खातें में जमा की जावे। खनन् क्षेत्र के क्षेत्रफल व उत्पादन के आधार पर अनुपातिक राशि का निर्धारण जिलाध्यक्ष के स्तर पर किया जायेगा।

(vii) क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लांन (Cluster EMP)का समावेश ई.आई.ए. में किया जाना आवश्यक है। अतः एक Site Specific Cluster EMPकोEIAके निष्कर्षों के आधार पर बनाया जाये, जिसे क्रियान्वित करने के लिये क्लस्टर में सम्मिलित सभी खदान मालिकों की सहमति से एक Environment Cell का गठन किया जाये, जिसमें जिला प्रशासन, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथ क्लस्टर की सभी खदानों के प्रतिनिधि शामिल हो। इसी तरह सभी खदान मालिक मिलकर एक समिति का गठन करें, ताकि Cluster EMPके प्रावधानों तथा पर्यावरण स्वीकृति की शर्तों का पालन मिलकर कर सकें। इस समिति को सुचारू रूप से नियमित क्रियान्वित करने के लिये एक रूपरेखा तैयार की जाये, ताकि समिति के गठन तथा उसके क्रियाकलापों में आपसी समन्वय तथा पर्यावरण के कार्यों को सुचारू रूप से क्लस्टर में लागू करने में आसानी हो। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त के संबंध में संबंधित खदान मालिकों से सहमति लेकर उपरोक्त विषयों पर जिला प्रशासन से समन्वय कर एक माह के अंदर ClusterEMP, समिति के गठन इत्यादि के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं संबंधित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये।

08/5/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

19/5/26

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला प्रशासन की निगरानी में खनिज विभाग के समन्वय से जिला स्तरीय अन्य संबंधित विभाग (जैसे वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग तथा ग्राम पंचायत आदि) के माध्यम से क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों के कियान्वयन सुनिश्चित किया जावें एवं माईनिंग अधिकारी, परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रत्येक 06 माह में प्रस्तावित क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेन्ट प्लान का अभिप्रमाणित अनुपालन प्रतिवेदन तथा राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

(ix) परियोजना प्रस्तावक जनसुनवाई के दौरान की गई प्रतिबद्धता अनुसार सभी आश्वासनों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा एवं प्रत्येक छमाही अनुपालन प्रतिवेदन जमा करेगा।

(x) परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) करवाये जाने हेतु जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर 02 वरिष्ठ अधिकारियों (जिसमें 01 अधिकारी वन विभाग को हो) को अधिकृत किया जावे जिनके द्वारा संयुक्त भौतिक सत्यापन कर अनुमति की शर्त अनुसार किये गये वृक्षारोपण की जानकारी अनिवार्यतः जिला कलेक्टर एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राधिकरण को उपलब्ध करावाई जाये।

(xi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMSकी अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

(xii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए किपूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(xiii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(xiv) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEACकी अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान क्षेत्र के गॉव व नजदीकी गॉव के शासकीय विद्यालय/शासकीय कन्या विद्यालय में बालिकाओं के लिये सेनेटरी पेड की वेन्डिंग मशीन की स्थापना अनिवार्यतः की जायेगी एवं 05 वर्ष तक रिफिलिंग का कार्य परियोजना प्रस्तावक द्वारा ही सुनिश्चित किया जायेगा।
- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।
- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

08/5/26 19/5/26

(सुधीर कुमार कोचर)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

22. Proposal No. SIA/MP/IND1/547920/2025; Case No.-1923/2025: Prior Environmental Clearance for expansion phase I from 0.55 MTPA to 0.66 MTPA, (water requirement per tonne of concentrate will increase from 0.28m3/t to 0.39 m3/t) by Shri Anant Kumar Nikunj, Vice President – Operations, M/s 4MANN INDUSTRIES PRIVATE LIMITED, Correspondance Address -Plot No. 18 to 28, Hargarh Industrial Estate, Village Hargarh, Tehsil Sihora, District Jabalpur, Madhya Pradesh and Registered Address C/5 gala & Sethia Enterprise Building 3rd Floor, Road No, 11, MIDC, Andheri (East), Mumbai (Maharastra) - 400069. Cat: 2(b) Mineral Beneficiation Project.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 868वी बैठक दिनांक 10.02.2026 में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

प्रश्नाधीन प्रकरण कों SEAC द्वारा अपनी 837वी बैठक दिनांक 17.10.2025 में विचारण में लिया गया। SEAC ने अपनी उक्त बैठक में परियोजना प्रस्तावक से पृच्छा (query) की गई। इसके बाद प्रश्नाधीन प्रकरण में SEAC द्वारा अपनी 868वी बैठक दिनांक 10.12.2025 में विचार किया गया। SEAC ने इस बैठक में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक पाई जाने पर पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने की अनुशंसा की गई। इसके बाद प्रश्नाधीन प्रकरण SEIAA की 943वी बैठक दिनांक 09.03.2026 में विचारण में लिया गया, इस बैठक में SEIAA द्वारा ADS जारी किया गया। प्रश्नाधीन ADS का जबाव परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 25.04.2026 को प्रस्तुत किया गया। यह जबाव परियोजना प्रस्तावक ने mpseiaa@gmail.com पर दिनांक 25.04.2026 को भेजना बताया एवं इसकी प्रति chairmanmpseiaa@gmail.com पर भी भेजी गई। जिसमें SEIAA की बैठक में लगाये गये ADS का जबाव संलग्न किया गया। SEIAA द्वारा मुख्य रूप से जानकारी चाही गई थी कि प्रश्नाधीन प्रकरण में Certified Complaince Report अनुलग्नक के साथ प्रस्तुत की जाये। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रश्नाधीन प्रकरण में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नस्ती कमांक 5-25/2010(ENV) दिनांक 01.05.2025 अनुबद्ध शर्तों के पालन एवं certified of compliance का अनुवीक्षण प्रतिवेदन सक्षम अनुमोदन उपरांत प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी 19 अनुलग्नक भी संलग्न पाये गये हैं। सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि प्रश्नाधीन प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा मात्र 1 से 3 तक के अनुलग्नक ही परिवेश पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं जबकि प्रकरण में सभी अनुलग्नक ईमेल पर उपलब्ध हो गये हैं यह तथ्य सदस्य सचिव द्वारा नहीं बताया गया।

प्रश्नाधीन प्रकरण में अध्यक्ष SEIAA एवं सदस्य SEIAA का अभिमत सदस्य सचिव के अभिमत से भिन्न है जिसका उल्लेख नस्ती कमांक 426 के पृष्ठ कमांक 27 पर दर्शाया गया है। अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा SEAC की 868वी बैठक दिनांक 10.02.2026 में विशिष्ट शर्तों सहित की अनुशंसा को बहुमत के आधार पर मान्य करते हुए पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत प्राधिकरण की विशिष्ट शर्तों (बिंदु i से ix) व मानक शर्तों (परिशिष्ट–2) के साथ पूर्व पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

14/5/26

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

परियोजना की वस्तुस्थिति :–

1. प्रस्तावित प्रकरण कि **4MANN Industries Private Limited** द्वारा हरगढ़ इंडस्ट्रीयल इस्टेट, ग्राम हरगढ़, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में संचालित मौजूदा लौह अयस्क बेनिफिसिएशन प्लान्ट की क्षमता विस्तार 0.55 MTPA से बढ़ाकर 0.66 MTPA करने हेतु श्री अनंत कुमार निकुंज, उपाध्यक्ष संचालन, मेसर्स **Shri Anant Kumar Nikunj, Vice President – Operations, M/s 4MANN INDUSTRIES PRIVATE LIMITED, C/5 gala & Sethia Enterprise Building 3rd Floor, Road No, 11, MIDC, Andheri (East), Mumbai (Maharashtra) 400069** द्वारा प्रस्तुत पूर्व पर्यावरण स्वीकृति का है।
2. यह परियोजना एक लौह अयस्क बेनिफिसिएशन प्लान्ट के विस्तार से संबंधित है, जिसमें प्रथम चरण हेतु विस्तार उत्पादन क्षमता **0.55 MTPA** से बढ़ाकर **0.66 MTPA** किया जाना प्रस्तावित है। यह परियोजना पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना, 14 सितम्बर 2006 (समय–समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार) के अंतर्गत अनुसूची 2(b) **Mineral Beneficiation Project** श्रेणी के अंतर्गत शामिल है।
3. उक्त प्रकरण को राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC)की 868वी बैठक दिनांक 10.02.2026 को "पर्यावरणीय स्वीकृति" प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है उक्त बैठक की कार्यवाही विवरण पृष्ठ क्र. 1 से 16 तक अंकित है।

प्राधिकरण की विशिष्ट शर्तें :–

i. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा जारी सर्टिफाइड कंप्लायंस रिपोर्ट में आंशिक रूप से पूर्ण किये गए कार्यों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करें।

ii. परियोजना में आयरन ओर का बेनीफिकेशन किया जा रहा है अतः परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया जाता है कि बेनीफिशियेशन से जेनरेटेड रिजेक्ट का उचित प्रबंध करे, जिसे पर्यावरण को किसी प्रकार कि क्षति न हो तथा उत्पादन क्षमता के अनुसार प्लांट में Raw Material के रखरखाव कि समुचित व्यवस्था हो।

iii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा संचालन के समय पानी की मांग पूर्ति हेतु भूजल पानी से किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना प्रस्तावक ने भूजल के दोहन हेतु CGWA से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया है। भूजल की निकासी को रोकने हेतु परियोजना प्रस्तावक को सतही जल (Surface Water) के उपयोग हेतु प्रयास करना चाहिये।

iv. परियोजना प्रस्तावक परिवहन मार्ग के साथ ईकाई की सीमा पर सघन वृक्षारोपण करेगा और वृक्षारोपण को भी मजबूत करते हुए संपूर्ण वृक्षारोपण 02 वर्षों के भीतर पूरा करें।

v. परियोजना स्थल के चारों ओर विशेष रूप से प्रबल हवा की दिशा में सघन हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा। बसाहट की ओर अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के लिये स्थल की सीमा के साथ–साथ सघन हरित पट्टी विकसित किया जाना भी सुनिश्चित करें।

19/5/26

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

vi. ईकाई से निकले रिजेक्ट को ज्यादा से ज्यादा ईकाई के अंदर पुनरूपयोग किया जायें ताकि किसी प्रकार के प्रदूषण की समस्या उत्पन्न न हो सकें।

vii. ईकाई परिसर के अंदर की सभी सड़के पक्की होनी चाहियें एवं परियोजना प्रस्तावक को खनिजों के परिवहन के लिये उपयोग की जाने वाली सड़क का रखरखाव नियमित रूप से किया जाना चाहिये।

viii. परियोजना प्रस्तावक जनसुनवाई के दौरान की गई प्रतिबद्धता अनुसार सभी आश्वासनों का अनुपालन सुनिश्चित करे एवं प्रत्येक छमाही अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

ix. ट्रकों एवं वाहनों के आवागमन हेतु सड़क की उचित चौड़ाई और टर्निंग रेडियस सुनिश्चित करते हुये कम से कम ट्रकों के लिये पक्का पार्किंग–वे विकसित किया जाना चाहिये।

x. परियोजना प्रस्तावक के द्वारा दुर्घटना के दृष्टिगत वाहनों की आवाजाही हेतु प्रवेश और निकासी की अलग–अलग उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिये।

19/5/26

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

22. Proposal No. SIA/MP/IND1/547920/2025; Case No.-1923/2025: Prior Environmental Clearance for phase I from 0.55 MTPA to 0.66 MTPA expansion, (water requirement per tonne of concentrate will increase from 0.28m3/t to 0.39 m3/t) to M/s. 4MANN Industries Private Limited operates an existing Iron Ore Beneficiation Plant (0.55 MTPA) located at Hargarh Industrial Estate, Village Hargarh, Tehsil Sihora, District Jabalpur, Madhya Pradesh by Shri Anant Kumar Nikunj, Vice President – Operations, M/s 4MANN INDUSTRIES PRIVATE LIMITED, C/5 gala & Sethia Enterprise Building 3rd Floor, Road No, 11, MIDC, Andheri (East), Mumbai (Maharastra) - 400069(Qry Reply). Cat: 2(b) Mineral Beneficiation Project.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 868वी बैठक दिनांक 10.02.2026 में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

Dissenting decision of Member Secretary.

I have shown my disagreement with the decision taken on case no P2/1923/2025. The basis of my disagreement.

(1) प्रश्नाधीन प्रकरण में प्राधिकरण की आयोजित बैठक दिनांक 04.05.2026 में सभी सदस्यों के समक्ष हुई चर्चा अनुसार सर्वसम्मति से बैठक में लिये गये निर्णय के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कार्यवाही विवरण तैयार कर दिनांक 08.05.2025 को हस्ताक्षरित कर दिनांक 08.05.2026 को ही अध्यक्ष एवं सदस्य के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता शासन के आदेश के परिपालन में दिनांक 09.05.2026 को कार्यमुक्त होकर दिनांक 05.06.2026 तक मिडकैरियर प्रशिक्षण पर मसूरी पर कर्तव्यस्थ रहे। अधोहस्ताक्षरकर्ता की इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान अध्यक्ष एवं सदस्य ने अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा तैयार कार्यवाही विवरण पर हस्ताक्षर न करते हुए प्रश्नाधीन प्रकरण में बैठक के उपरांत पर्यावरण स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया एवं कार्यवाही विवरण की नस्ती दिनांक 20.05.2026 को अधोहस्ताक्षकरर्ता के प्रशिक्षण प्रवास पर होने के दौरान प्रेषित की गई। अधोहस्ताक्षरकर्ता के प्रशिक्षण से वापसी उपरांत दिनांक 08.06.2026 को कार्यभार ग्रहण करने पर नस्ती के साथ संलग्न कार्यवाही विवरण का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रश्नाधीन प्रकरण में अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा लिये गये निर्णय, बैठक के दौरान लिये निर्णय से भिन्न है।

(2) **ईआइए अधिसूचना 2006 व** पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3 (7) प्राधिकरण की बैठकों में लिये जाने वाले निर्णयों के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है –

" All decisions of the SEIAA shall be taken in a meeting and shall ordinarily be unanimous; Provided that, in case a decision is taken by majority, the details of views, for and against it, shall be clearly recorded in the minutes and a copy thereof sent to MoEF."

09/6/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

(3) उपरोक्त प्रावधान के परिप्रेक्ष्य में एवं उपरोक्त कंडिका 1 में वर्णित स्थितियों के अनुक्रम में प्रश्नाधीन प्रकरण के निर्णय सर्वसम्मति नहीं होने की स्थिति निर्मित होने के फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अपना मत आगामी पैरा में पृथक से वर्णित किया है, जो दिनांक 04.05.2026 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय तथा तदानुसार दिनांक 08.05.2026 को निर्मित कार्यवाही विवरण के अनुरूप है। जहॉ तक प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा इस प्रकरण के संबंध में कार्यालयीन नस्ती कमांक 426 के पृष्ठ कमांक 27 पर जो पृच्छा की गई है वह प्राधिकरण की बैठक दिनांक 04. 05.2026 के सम्पन्न होने के 08 दिवस उपरांत और कार्यवाही विवरण दिनांक 08.05.2026 को प्रेषित करने के 04 दिवस उपरांत की गई है। उल्लेखनीय है कि तत्समय अधोहस्ताक्षरकर्ता मिडकैरियर प्रशिक्षण पर कर्तव्यस्थ रहा था। **ईआइए अधिसूचना 2006 व** पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3 (7) का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि बहुमत से निर्णय लिये जाने की स्थिति में पक्ष एवं विपक्ष में दिये जाने वाले मतों का विवरण विस्तार से कार्यवाही विवरण में अंकित किये जाने और उसकी प्रति भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित किये जाने का प्रावधान है। बैठक के दौरान एजेण्डा में सम्मिलित किसी भी प्रकरण के संबंध में बैठक के पूर्व या पश्चात् अथवा बैठक से इतर किसी प्रकार की पृच्छा किये जाने अथवा उक्त पृच्छा पर किसी स्तर से किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसी स्थिति में पृच्छा का पृथक उत्तर दिये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

(4) **अतः भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआइए अधिसूचना 2006 व पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका 3(7) के अनुसार प्रश्नाधीन प्रकरण में निर्णय सर्वसम्मत से नही होने के कारण सदस्य सचिव का मत निम्नानुसार है :–**

I. **उक्त अनुशंसा उपरांत प्रकरण् को राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की बैठक 943 दिनांक 09.03.2026 मे पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व विचार विमर्श उपरांत पाया गया कि**

"Online Parivesh Portal पर प्रस्तुत प्रकरण की भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी "पर्यावरणीय स्वीकृति" की Certified Compliance Report के साथ उल्लेखित Annexures संलग्न नहीं किए गए हैं, जिसके कारण प्रस्तुत तथ्यों की पुष्टि किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा SEAC की उपरोक्त अनुशंसा उपरांत प्रकरण में विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि उपरोक्त के दृष्टिगत परियोजना प्रस्तावक/पर्यावरण सलाहकार द्वारा संबंधित Certified Compliance Report में उल्लेखित सभी संलग्नक स्पष्ट रूप से क्रमांकित (with proper numbering) के साथ 15 दिवस में परिवेश पोर्टल पर अपलोड करें, इसके उपरांत ही प्रकरण पर विचार किया जायेगा। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।"

II. **उक्त के परिपालन में " M/s 4MANN INDUSTRIES Pvt. Ltd के पत्र दिनांक 26.03.2026 द्वारा MPSEIAAको PARIVESH पोर्टल पर reply प्रस्तुत किया गया।**

09/6/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

III. राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (**SEIAA**) ने परियोजना प्रस्तावक द्वारा **ADS reply** के माध्यम से प्रस्तुत जानकारी के परीक्षण के उपरांत पाया गया कि प्रश्नाधीन प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत जानकारी के साथ दर्शाये गये 1 से 19 **Annexure** में से मात्र 1 से 3 तक के **Annexure** ही संलग्न किये गये है तथा प्रस्तुत जानकारी सही, तथ्यात्मक व उचित प्रतीत नहीं होती है जिस कारण प्रकरण निरस्त किये जाने योग्य है।

उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत प्रकरण निरस्त किये जाने से पूर्व परीक्षण एवं अभिमत हेतु **SEAC** को अग्रेषित किया जाये।

09/6/26

(सुधीर कुमार कोचर)
सदस्य सचिव

इस कार्यवाही विवरण के प्रश्नाधीन प्रकरण में बहुमत के आधार पर निर्णय लिया गया है। सर्वसम्मत निर्णय न होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआइए अधिसूचना 2006 व पश्चावर्ती संशोधन की कंडिका **3(7)** के अनुसार कार्यवाही विवरण की प्रति भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजी जाये।

23. Proposal No. SIA/MP/MIN/523807/2025, Case No. 670/2012 Prior Environmental Clearance for Barahia Limestone Mine (Opencast fully mechanized method) in an area of 7.102 ha. for production capacity 30,000 TPA, at Village Barahia, Teh-Maihar, Dist-Stana (MP) by Shri. Pawan Kumar Ahluwalia, M.D., M/s K.J. S. Cement Ltd., Near Railway Crossing N.H.-7 Maihar, Distt. – Satna (M.P.) – 485771 regarding transfer of EC in the name of M/s KJS Cement (I) Ltd, NH-7, Rajnagar, Rewa Road, Village Amilia, District Maihar (MP) 48577

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **857वी बैठक दिनांक 05.01.2026** में उक्त प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

उक्त प्रकरण को प्राधिकरण द्वारा 936वी बैठक दिनांक 10.02.2026 में रखते हुए निम्नानुसार निर्णय लिया गया :-

"प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवेदन के प्रथम दृष्टया परीक्षण में निम्नानुसार पाया गया :–

1. *प्रश्नाधीन प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्राधिकरण से जारी पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों का प्रस्तुत अनुपालन प्रतिवेदन पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों एवं समय–सीमा के अनुसार पूर्ण नहीं पाया गया है एवं खदान के बैरियर जोन में वृक्षारोपण परिलक्षित नहीं है अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा वर्तमान स्थिति के आधार पर पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों का पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन मय फोटोग्राफ के तथा वृक्षारोपण, सीईआर, फेंसिंग के अक्षांश देशांश सहित फोटोग्राफ व सीईआर के कार्यों से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किये जायें।*

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा SEAC की उपरोक्त अनुशंसा उपरांत प्रकरण में विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक उपरोक्त बिन्दु की जानकारी 15 दिवस में परिवेश पोर्टल पर अपलोड की जाये इसके उपरांत ही प्रकरण पर विचार किया जायेगा। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।'

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन ADS दिनांक **26.03.2026** के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की गई।

